एक नजर में

## नरवाली से भगोरिया प्रारंभ, नृत्य दलों को मिला सम्मान



**टांडा ।** गंधवानी विधानसभा के टांडा क्षेत्र के नरवाली में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगोरिया धूमधाम से मनाया गया जिसमें आसपास के गावों से कई मांदल ढोल आए थे व्यापारियों ने भी अपनी दुकानें लगाई थी आठ दिवसीय भगोरिया पर्व का प्रथम दिवस होने पर अपेक्षा कृत व्यापार कम हुआ किंतु आदिवासी युवाओं में खासा उत्साह देखा गया ।हजारो की संख्या में आदिवासी युवक युवतिया आदिवासी वेष भूषा में सजधज कर आए और आदिवासी ढोल मांदल की थाप जमकर नृत्य किया *नरवाली पंचायत ग्राउंड में कांग्रेस के मंच से नेता प्रतिपक्ष उमंग जी सिंघार की ओर से उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारीयो ने भगोरिया में आए मांदल ढोल वालो को पुरुस्कृत किया गया ।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक जी मांझी,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीति जी माहेश्वरी, फुन्दा बाई डावर नरवाली सरपंच,बाग जनपद अध्यक्ष नारायण भूरिया,टांडा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन ठाकुर,प्यारसिंह सरपंच ,नूरसिंह सिंघार जनपद सदस्य घोर,नरवाली सरपंच सोहन डावर,मुकेश अनारे घोर,वेरसिंह सरपंच बराड़,ठाकुर सिंह डावर नरवाली,महेंद्र काटी,भंगू अलावा,उमन सिंगार गेट्टा ,सूमसिंह मीनावा गुडा आदि कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुरस्कार वितरण किया

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



**सरदारपुर ।** विधिक सेवा प्राधिकरण सरदारपुर के तत्वावधान में शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास सरदारपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरदारपुर सुश्री रुही एजाज मेव ने संबोधित किया। सुश्री मेव ने साइबर अपराध के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला छात्राओं को बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार से साइबर अपराध करते हैं क्या-क्या तरीके हैं कितने प्रकार के साइबर अपराध होते हैं साइबर अपराध से बचने के लिए क्या-क्या उपाय हैं कैसे बचना चाहिए विस्तृत प्रकाश डाला । शिविर में अभिभाषक संघ अध्यक्ष कमल किशोर वैष्णव तथा हास्टल अधीक्षका मनीला ग्रेवाल व काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## 6 साल के अलशान ने अपना पहला रोजा रखा और अल्लाह से दुआ की

**बाग** - रमजान का पाक महिना इबादतों ओर बक्शिशो का पर्व





के चलते मुस्लिम समाज इन दिनों रोजे नमाज ओर इबादत में मसगुल है दिनभर भूख प्यास की शिद्दत के बाद शाम को रोजा इफ्तार किया जाता है इसमें हर कोई छोटा बड़ा बच्चा बुड़ा सभी रोजा रख रहे हैं । इसी कड़ी में बच्चे भी रमजान की इस इबादत और रोजे रखने से पिछे नहीं है ।6 साल का अलशान पिता सय्युम नेता ने अपना पहला रोजा रखा मां बाप से जींद कर के उसने सुबह पांच बजे रोजे की नियत कर के रोजा रखा और दिनभर कुछ नहीं खाएं बीना अपना रोजा पुरा किया । ओर शाम को 6 बजे रोजा इफ्तार के समय अपने घर वालो कै साथ रोजा पुरा कीया । ओर अल्लाह से अपना रोजा कबुल होने की दुआ की यह उसकी जिंदगी का पहला रोजा था । घर परिवार ने उसका रोजा पुरा होने पर उसे हारो से इस्तकबाल कर के रोजे की मुबारकबाद दी ।मासूम बच्चे के इस होंसले की सभी ने सराहना की इसी तरह हशनेन खान पिता इमरान खान ने भी अपनी 6 साल की उम्र में पहला रोजा रखा ।इमरान खान ने बताया रोजा रखने के बाद बच्चे का दिनभर बड़ा ख्याल रखा गया ताकी कुछ खा ना लें मगर उसने दिनभर कुछ भी नहीं खाया और शाम को सभी के साथ अफ्तियार किया और रोजा अपना खोला बच्चे का सभी ने इस्तकबाल किया ।

## अजुदया बाई का देवलोक गमन



**मनावर ।** मीसा बंदी स्वर्गीय गुलाबचंद जीबड़ोदिया की धर्मपत्नी व सोहन व हरीश बड़ोदिया की माताजी और हर्ष की दादी अजुदया बाई का विगत दिनो देवलोक गमन हो गया अनुदया बाई धार्मिक प्रवृत्ति की एवं मिलनसार महिला थी आपकी अंतिम यात्रा में समंजन और गाने मान्य नागरिक उपस्थित हुए मुक्तिधाम पर उन्हें मुखानी उनके पुत्र हरीश बडोदिया ने दी

## जावा 42 अब आइवरी रंग में


**इंदौर.** जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स में नियो-क्लासिक सेगमेंट की शुरुआत करने वाली मोटरसाइकिल जावा 42 अब नए आइवरी रंग में पेश की गई है. यह नया पेस्टल शेड दुनिया भर में बढ़ती उस पसंद को दर्शाता है, जिसमें लोग सांस्कृतिक शोर से राहत पाने के लिए नरम और सुकून देने वाले रंग चुन रहे हैं. यह ट्रेंड 2026 के कलर ऑफ द ईयर में भी दिखाई देता है. '42' नंबर की रेट्रो लिवरी और डेकल्स नई जावा 42 आइवरी को एक शांत लेकिन अलग पहचान देते हैं. जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा जावा 42 ने 2018 में क्लासिक मोटरसाइकिल की परिभाषा बदल दी. इसने दिखाया कि भारतीय राइडर एक सच्चे नियो-क्लासिक से क्या उम्मीद कर सकता है। अपने बोल्ड डिजाइन, मजबूत परफॉर्मेंस इंजीनियरिंग, सुरक्षा और राइडर-फर्स्ट फीचर्स के साथ जावा 42 आज भी एकरूपता का तोड़ है. जो लोग जावा 42 चुनते हैं, वे शोर से दूर हटकर अपनी खुद की कहानी गढ़ते हैं।

# भाजपा नेता की चेतावनी एवं अधिकारी के आदेश का असर कम

▸ फिर खुल गई सट्टे-जुऐ की दुकान

**संजय बाजपेई**

**धार ।** ज्ञात हो कि भाजपा के वरिष्ठ नेता की सख्त चेतावनी के बाद धार शहर में सट्टे और जुऐ की अवैध धंधा बंद करा दिया गया था परंतु लंबे समय के बाद अब एक बार फिर यह अवैध दुकाने धीरे-धीरे खुलने लगी है लगता है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता की सख्त चेतावनी और पुलिस अधिकारी के कड़े आदेश का असर अब कम होने लगा है और इसी के चलते अब धार शहर की सीमाओं पर सट्टे की दुकान खुल गई है है और जुऐ टेबल भी सजने लगी हैधार शहर की पूर्व दिशा में जुऐ की टेबल और पश्चिम दिशा में सट्टे की दुकान शुरू हो गई है शहर की पूर्व दिशा की ओर स्थित जेतपुरा क्षेत्र में जुऐ की टेबल शुरू हो गई है तो वही पश्चिम दिशा की ओर स्थित ज्ञानपुर क्षैत्र में सट्टे की दुकान खुलेआम शुरू हो गई है जुऐ की टेबल स्थान बदल बदल कर चलाई जा रही है ज्ञानपुर में पुराने सटोरिए ने सट्टे की दुकान फिर शुरू कर दी है हालांकि शहर के अंदर अभी भी दबे छुपे फोन पर सट्टा चल रहा है



### पुलिस अधिकारी चाहे तो आम जनता की मदद ले सकते है

अवैध कारोबार की जानकारी पुलिस को नहीं है लेकिन जनता को पता है कहां कहां अवैध कारोबार चल रहा है इसकी जानकारी यदि पुलिस अधिकारियों को चाहिए तो वह आम जनता से इसकी जानकारी ले सकते है सवाल उठता है कि क्या पुलिस का खुफिया तंत्र निष्क्रीय हो चुका है? कहां सट्टा चल रहा है कहां जुआ चल रहा है कहां नशीला पाउडर बिक रहा है कहां गांजा बिक रहा है इसकी जानकारी पुलिस को नहीं है लेकिन आम जनता को उसकी जानकारी है और इसीलिए कहा जा रहा है कि यदि पुलिस अधिकारी चाहे तो वह आम जन से यह जानकारी ले सकते हैं

**बंदी ने बांध दिया कैसे निभाएं कर्तव्य**-फिल्ड में काम करने वाले पुलिस कर्मियों को सब की जानकारी है कि कहां सट्टा कहां जुआ चल रहा है कहां पाउडर बिक रहा है कहां गांजा बिक रहा है लेकिन बंदी ने ऐसा बांध दिया कि यह देशभक्ति जन सेवा के अपने कर्तव्य को नहीं निभा पा रहे हैं1

## सहायक प्रबंधक (सिविल) के पद पर चयन



**बाग** - विकासखंड बाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत आगर में पदस्थ शिक्षक विजय सिंह मोरी के पुत्र लोकेश मोरी का चयन *मध्य प्रदेश भवन विकास निगम* में सहायक प्रबंधक (सिविल इंजीनियर) के पद पर हुआ है ।उनकी इस सफलता पर उनके पिता जी विजय सिंह मोरी, माता निर्मला मोरी, दादाजी जाम सिंह मोरी, अंकल भूरसिंह मोरी व अन्य परिवार के सदस्यो व मित्रों ने शुभकामनाएं दी। अपने इस पूत्र की बड़ी उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का वातावरण उत्पन्न हो गया ।

# कुक्षी में जमा भगोरिया का रंग, परंपरा और आधुनिकता का दिखा अनूठा संगम

**कुक्षी। आदिवासी लोक संस्कृति के महापर्व भगोरिया का उत्साह मंगलवार को कुक्षी में अपने चरम पर नजर आया। ग्रामीण अंचलों से आए हजारों आदिवासी युवक-युवतियों, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर शिरकत की। ढोल-मांदल की गूंज और आधुनिकता के संगम के बीच पूरा क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के लोग भगोरिया की मस्ती में सराबोर दिखाई दिए.**

मार्केटिंग सोसायटी ग्राउंड आयोजित मेले में जहां एक ओर पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक दिखी, वहीं आधुनिकता का रंग भी हावी रहा। आदिवासी युवक-युवतियां रंग-बिरंगी वेशभूषा और चांदी के गहनों में सजे नजर आए, तो दूसरी ओर युवाओं में सेल्फी लेने का जबरदस्त क्रेज देखा गया। झूलों और हाट-बाजार में दिनभर भारी भी? बनी रही।





इस अवसर पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों ने अपनी सांस्कृतिक और राजनीतिक उपस्थिति दर्ज की.नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान ने ढोल मांदल दल को पुरस्कृत किया.वही कांग्रेस नेता अर्जुन बघेल डीजे और ढोल-मांदल की थाप पर नाचते-झूमते कार्यकर्ता के साथ मेला ग्राउंड पहुंचे और पारंपरिक मांदल दलों का उत्साहवर्धन किया.चुस्त-दुरुस्त पुलिस प्रशासन के साथ एसडीओपी सुनील गुप्ता,थाना प्रभारी राजेश यादव,नगर सुरक्षा समिति प्रमुख डॉ.निर्मल पाटीदार आदि सदस्य मेले में नशे से दुरी है जरूरी के बैनर के साथ जागरूकता संदेश देते हुए व्यवस्थाओं संभाले नजर आये.शाम ढलते-ढलते ग्रामीणों की टोलियां अपने गंतव्य की ओर रवाना हुईं, लेकिन भगोरिया की मस्ती और यादें उनके चेहरों पर साफ झलक रही थीं।

# शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सरदारपुर ।** आगामी भगोरिया पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रिंगनोद पुलिस चौकी पर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति बैठक में एसडीओपी विश्वदीप परिहार, अनिल जादव टिआई (सरदारपुर), रिंगनोद चौकी प्रभारी जीएस भेहडिया (रिंगनोद) एवं तहसीलदार मुकेश बामनिया विशेष रूप से उपस्थित रहे ।जनप्रतिनिधियों का सहयोग आसपास के ग्राम — भिलखेड़ी, गुमानपुरा एवं बिछिया के सरपंचों ने बैठक में भाग लेकर प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। एसडीओपी का स्पष्ट संदेश एसडीओपी विश्वदीप परिहार ने कहा कि भगोरिया पर्व आपसी भाईचारे, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है।





### निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के हथियार, विवाद, हुड़दंग या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को सख्ती से रोका जाएगा। सभी सरपंचों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने गांवों में लोगों को समझाएं कि शांति बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बैठक में इनकी रही उपस्थिति गांव के वरिष्ठजन मुस्लिम समुदाय के सदर भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष आशीष जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन चोयल धर्मेन्द्र मोलवा कांग्रेस यूथ कांग्रेस सरदारपुर के अर्जुन गहलोतप्रेस क्लब एवं पत्रकार संघ के सदस्य मेले स्थल का निरीक्षण बैठक के पश्चात एसडीओपी एवं तहसीलदार द्वारा भगोरिया मेले के निर्धारित स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रशासन का स्पष्ट संदेश त्योहार खुशियों का है — इसे प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं।

# विकासखंड बागः स्व सहायता समूह व शिक्षकों की बैठक

**बाग** - विकासखंड बाग में पीएम पोषण के अंतर्गत स्व सहायता समूह,प्रधान अध्यापक और जनशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग के निर्देशानुसार रखी गई बैठक में समूह के अध्यक्ष सचिव प्रधानाध्यापक और जनशिक्षकों को बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर द्वारा विस्तृत रूप से बर्तन खरीदी के संबंध में बताया गया है कि शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार समूह एवं प्रधानाध्यापक जो बर्तन की आवश्यकता है वही खरीदें एवं उनका रजिस्टर में सामग्री संधारित करें जनपद पंचायत के प्रभारी बलराम अलावा ने निर्देश दिए गए की सामग्री उच्च क्वालिटी की एवं निर्धारित मापदंड के अनुसार खरीदे उन्होंने बताया कि विकास खंड स्तर पर समिति का गठन किया गया है जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग, बीआरसीसी बाग पीएम पोषण प्रभारी,बीएससी संबंधित जन शिक्षक एवं स्कूल का प्रधानाध्यापक शामिल रहेंगे जो खरीदी गई सामग्री का भौतिक सत्यापन करेंगे ।इस बैठक में पीएम पोषण प्रभारी मोहम्मद नईम खान ने गुणवत्ता पूर्वक सामग्री एवं रजिस्टर संधारित करना है एवं समय पर विकासखंड एवं जिले से खरीदी हुई सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा जिसके लिए स्व सहायता समूह एवं प्रधान अध्यापक की जवाबदारी रहेगी बैठक में बीएससी जन शिक्षक एवं प्रधान अध्यापक भी उपस्थित रहे।







**एक नजर** ▸ धार ग्रामीण जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

# प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को अनुशासित बनाता है : अनंत पंवार

**मनावर । भारतीय जनता पार्टी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय में चंचल पाटीदार की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक प्रशिक्षण महाअभियान टोली सदस्य अनंत पवार , प्रशिक्षण अभियान संभाग प्रभारी दिलीप पाटोदिया, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रशिक्षण अभियान जिला प्रभारी विनोद शर्मा , विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।**

जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सह प्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि उक्त जिला कार्यशाला विभिन्न विषयों के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं का पंजीयन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम भारत माता व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी केचित्र का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया।

अनंत पंवार ने पार्टी की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करती है। आगे उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए जरूरी है। जिससे कार्यकर्ताओ को ग?ने का कार्य किया जाता है। एक अनुशाषित कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण वर्ग जरूरी है।

आगे उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संभागीय प्रभारी दिलीप पटोदीया ने संगठन के मण्डल वर्ग पर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मंडल में होने वाले प्रशिक्षण वर्गों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। प्रशिक्षण शिविर को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा*- चंचल पाटीदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि इस प्रशिक्षण अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा। प्रत्येक मण्डल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व जिले व क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

*पंच परिवर्तन का उद्देश्य भारत को मजबूत, समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाना है। - राधेश्याम यादव* वही दूसरे सत्र में विशेष अतिथि रहे जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने पंच परिवर्तन पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि पंच परिवर्तन एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य समाज में व्यापक परिवर्तन लाना है। जिसका लक्ष्य भारत को एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है।

पंच परिवर्तन के पांच मुख्य पहलू हैं। जिसमे पहला सामाजिक समरसता, दूसरा कुटुंब प्रबोधन, तीसरा पर्यावरण संरक्षण, चौथा स्वदेशी तथा पांचवा नागरिक कर्तव्य।



### इन्होंने भी किया संबोधित

अभियान जिला संयोजक विनोद शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारी का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में जिला मंत्री उत्तराजी विश्वास व जिला सहकोषाध्यक्ष पिंकी वास्केल ने सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन किया वर्ग गीत आशुतोष सोनी तथा समापन पर राष्ट्रगान जनगणमन गान की प्रस्तुति उत्तराजी विश्वास द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने किया। आभार भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने माना।

**मंचासीन अतिथि**-इस अवसर पर पूर्व सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक प्रशिक्षण महाअभियान टोली सदस्य अनंत पवार , प्रशिक्षण अभियान संभाग प्रभारी , दिलीप पाटोदिया, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रशिक्षण अभियान जिला प्रभारी विनोद शर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार रहे। इस दौरान जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल अध्यक्ष, विधानसभा व मण्डल प्रभारी, मण्डल महामंत्री आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।